## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुकन्या समृद्धि योजना में अब 250 रूपए से भी खुलेगा खाता

सिंगरौली (आरएनएस)। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 10 वर्ष तक की बालिकाओं का खाता अब 250 रूपए में भी खुलवाया जा सकेगा दो बालिकाओं के माता-पिता इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके तहत अधिकतम डेढ़ लाख रूपए एक वित्तीय वर्ष में भरे जा सकते हैं पूर्व में खाता खुलवाने के लिये न्यूनतम राशि एक हजार रूपए निर्धारित की गई थी जिसमें परिवर्तन किया गया है। जन्म प्रमाण-पत्र अथवा अंकसूची या इनके अभाव में ग्राम पंचायत के सरपंच या पार्षद के प्रमाणीकरण के आधार पर खाता खुलवाया जा सकता है इसके साथ ही माता-पिता का आधार कार्ड होना आवश्यक है।

### हल्द्वानी-नैनीताल में धूमधाम से मनाया ईद उल अजहा का पर्व

हल्द्वानी (आरएनएस)। हल्द्वानी-नैनीताल में ईद उल अजहा का पर्व धूमधाम से मनाया ईद उल अजहा का पर्व देशभर में धूमधाम से मनाया गया। उत्तराखंड के कई जिलों में भी नमाज पढ़ी गई। सुबह 9.30 बजे मल्लीताल जामा मस्जिद में मुख्य नमाज अदा की गई। मौलाना मो.जुबेर ने ईद की नमाज अदा करवाई।

इसमें अल्लाह की इबादत कर मुल्क में अमन व चैन की दुआएं मांगी गई। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद घरों में जाकर कुर्बानी की रस्म अदा की गई। वहीं हल्द्वानी ईदगाह में मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद की नमाज अदा की।

### निजी संचार कंपनी का फुंका पुतला

पिथौरागढ़ (आरएनएस)। मदकोट में उपभोक्ताओं ने एक निजी संचार कंपनी की बदहाल व्यवस्था को लेकर पुतला फूंका। कहा कि कंपनी बेहतर सुविधा के नाम पर लोगों को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने संचार जौलजीबी मुनस्यारी मार्ग पर जाम लगाने की चेतावनी दी है। बुधवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह सोरागी के नेतृत्व में मदकोट चौराहे में एकत्र होकर उपभोक्ताओं ने एक निजी संचार कंपनी के खिलाफ नारे लगाए। सोरागी ने कहा कि आपदाकाल में संचार व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए थी। लेकिन संचार सेवा के आभार में समय पर घटनाओं की जानकारी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्रों में संबंधित संचार कंपनी ने टावर तो लगा दिया। लेकिन पिछले एक महीने से सिग्नल नहीं है। जिस कारण बीस हजार की आबादी को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का संपर्क अपनों से टूट गया है। कहा कि 15 दिन के भीतर संचार व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जौलजीबी मुनस्यारी मार्ग पर चक्का जाम किया जाएगा।

### आरोपी को फांसी देने की मांग को लेकर प्रदर्शन

नई टिहरी (आरएनएस)। उत्तरकाशी जिले के एक गांव की मासूम के साथ दुराचार की घटना के बाद उनकी हत्या किए जाने के विरोध में भागीरथी पुरम के स्थानीय लोगों और आस-पास के ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर आरोपी को फांसी देने की मांग की। कैंडल मार्च निकालकर मासूम को श्रद्धांजलि भी दी। मंगलवार शाम को टिहरी के भागीरथी पुरम में स्थानीय व्यापारियों, बागी और खेमड़ा गांव के ग्रामीणों ने उत्तरकाशी में हुई घटना के विरोध में प्रदर्शन किया और आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग की। उसके बाद मौजूद लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर मासूम को श्रद्धांजलि दी। पूर्व सभासद उर्मिला नेगी ने कहा पहाड़ी क्षेत्र में हुई ऐसी दुखदायी घटना से पहाड़ का जनमानस सकते में है। कहा ऐसी पीड़ादायक घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को जल्द फांसी की सजा दी जानी चाहिए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चंबा आनंदी नेगी, व्यापार मंडलध्यक्ष सुदामा भट्ट, कमलेश ध्यानी, मधु भट्ट, डॉ. रमेश नैथवाल, सोहन चमोली, रजनी गुसाई, शूरवीर पंवार, संजय अग्रवाल, निर्मला बिजल्वाण, अनिता बिष्ट, रमेश रावत आदि मौजूद थे।

### 5 सितंबर को करेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संसद मार्च

पौड़ी (आरएनएस)। आंगनबाड़ी कार्यकत्री-सेविका कर्मचारी यूनियन पौड़ी ने केंद्र सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए 5 सितंबर को सीटू ट्रेड यूनियन के साथ संसद मार्च करने का निर्णय लिया है। गुरुवार को पौड़ी में आयोजित बैठक में कोट, कल्जीखाल, पौड़ी, पाबौ, थलीसैंण, एकेश्वर आदि से आई कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पौड़ी में आयोजित यूनियन की बैठक में जिलाध्यक्ष मंजू उनियाल ने कहा कि बाल विकास परियोजना का निजीकरण न करने, न्यूनतम मानदेय देने, श्रम कानून के तहत सभी सुविधाएं देने आदि की मांग की जा रही है लेकिन केंद्र सरकार समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। केंद्र सरकार को साढ़े चार साल का कार्यकाल हो गया है लेकिन केंद्र सरकार उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिससे कर्मचारियों में नाराजगी बनी है। निर्णय लिया गया कि 5 सितंबर को संसद मार्च कर विरोध किया जाएगा। बैठक में गिन्नी डंगवाल, मंजू रावत, शिखा कोहली, नीमा रावत, हीरा देवी, विमला पोखरियाल, विद्यावती आदि मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद-उल-जुहा, मांगी दुआएं

हरिद्वार (आरएनएस)। ईद-उल-जुहा का पर्व परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ईद-उल-जुहा पर हजारों लोगों ने नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की व अमनचैन की दुआएं मांगी। नमाज मुख्य रूप से ईदगाह में अदा की गयी। इसके अलावा उपनगरी ज्वालापुर स्थित जामा मस्जिद के अलावा भेल सेक्टर वन, अक्सा मस्जिद, कुबा मस्जिद, मदीना मस्जिद, अली मस्जिद, मनीहारों वाली मस्जिद, मण्डी की मस्जिद, मदरसा दारूल उलूम रशीदिया में भी नमाज अदा की गयी। नमाज अदा करने के बाद कुर्बानी की रस्म अदा की गयी। ईदगाह में मौलाना वाहिद ने नमाज अता करायी। नमाजियों को संबोधित करते हुए मौलाना आरिफ ने कहा कि ईद उल फितर के बाद मनाया जाने वाला ईद-उल-जुहा इस्लाम धर्म का दूसरा प्रमुख त्यौहार है। इसे बकरीद के नाम भी जाना जाता है। ईद-



उल-जुहा हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन हजरत इब्राहिम अल्लाह हुक्म पर अल्लाह के प्रति अपनी वफादारी दिखाने के लिए अपने बेटे हजरत इस्माइल को कुर्बान करने के लिए तैयार हो गए थे। इस पर्व का मुख्य लक्ष्य लोगों में जनसेवा और इंसानियत के भाव को जगाना है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-फितर की तरह ईद-उल-जुहा में भी जकात देना अनिवार्य है। ताकि खुशी के इस मौके पर कोई गरीब मिस्कीन महरूम न रह जाए। रब की रजा के लिए प्रत्येक नागरिक को अल्लाह के बताए उसूलों का पालन करना चाहिए। मण्डी मस्जिद के हाफिज कुतबुदीन व मौलाना इकबाल ने कहा कि बकरीद का संबंध कुर्बानी से है। कुर्बानी का अर्थ बलिदान की भावना से है। उन्होंने कहा कि अपनी हैसियत के अनुसार दूसरों की मदद अवश्य करें। ईद-उल-जुहा पर गरीबों की मदद करने से अल्लाह खुश होकर अपने बंदों को नेकीयां अता फरमाते हैं।

## कोतवाली में पुलिस की वीडियो बनाकर युवक फरार


रुड़की (आरएनएस)। कोतवाली में शिकायत लेकर पहुंचा एक युवक पुलिसवालों की वीडियो बनाने लगा। पुलिस वालों ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो वह कोतवाली से फरार हो गया। एक युवक गंगनहर कोतवाली पहुंचा। बताया कि वह पेशे से फोटोग्राफर है। उसका कहना था कि करीब तीन माह पहले उसकी पत्नी घर से चालीस हजार रुपये, सोने-चांदी के जेवर लेकर चली गई। अब पत्नी वापस नहीं आ रही है। उसने एक पुलिस कर्मी को तहरीर दी। पुलिस कर्मी तीन माह बाद उसके शिकायत लेकर आने के बारे में जानकारी ले रहे थे, तभी उसने किसी व्यक्ति का फोन मिलाकर पुलिस कर्मी को दे दिया। फोन पर बात कर पुलिस कर्मी ने फोन वापस दिया तो युवक पुलिस कर्मियों की वीडियो बनाने लगा। पुलिस कर्मी ने वीडियो बनाने का कारण पूछा तो युवक कोतवाली से फरार हो गया।

## राज्य आंदोलनकारियों का मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन जारी

देहरादून (आरएनएस)। चिन्हीकरण एवं अन्य मांगों को लेकर राज्य आंदोलनकारियों का शहीद स्थल पर धरना जारी रहा। आंदोलनकारियों ने धरना स्थल पर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मंच से जुड़े आंदोलनकारी कचहरी स्थित शहीद स्मारक स्थल में अध्यक्ष नंदाबल्लभ पांडेय के नेतृत्व में इकठ्ठा हुए और वहां पर अपनी सात सूत्रीय मांगों के समाधान के लिए प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि अभी तक सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है। सरकार आंदोलनकारियों के हितों के प्रति गंभीर नहीं दिखाई दे रही है जिसके लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी का दर्जा आंदोलनकारियों को शीघ्र ही प्रदान किया जाना चाहिए और सेनानियों के आश्रितों को रोजगार में समायोजित किये जाने तथा समीवर्ती जिलों से पलायन पर पूर्ण रूप से रोक लगनी चाहिए। जिससे आंदोलनकारियों में रोश बना हुआ है।

## कई मन्दिरों से डेढ़ लाख रूपये चोरी



उत्तरकाशी (आरएनएस)। चिन्यालीसौड़ विकास खंड के श्रीकोट क्षेत्र में विभिन्न मन्दिरों से करीब एक लाख पचास हजार रूपये चोरी का मामला प्रकाश में आया है। मामले में स्थानीय लोगो ने थाने में तहरीर दी है। जांच पड़ताल करने के लिये पुलिस बल मौके के लिये रवाना हो गया है। चिन्यालीसौड़ ब्लाक मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर श्रीकोट देवीधार में ओणेश्वर मन्दिर, नागराजा मन्दिर एवं जगदेई मंदिर से चोरों ने कीमती मूर्तियों, घण्टी, चांदी के छत्र आदि पर हाथ साफ किया है।

## कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए

हरिद्वार (आरएनएस)। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के शपथ ग्रहण समारोह में नवजोत सिंह सिद्धू के शामिल होने पर विरोध प्रकट करते हुए पाकिस्तान के पोस्टर फूंके। कृषि उत्पादन मण्डी समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नवजोत सिंह सिद्धू व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर संजय चोपड़ा ने कहा कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए नवजोत सिंह सिद्धू का देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। पाकिस्तान लगातार भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। पाकिस्तान की नापाक हरकतों के चलते सीमाओं पर रोजाना वीर सैनिक शहीद हो रहे हैं। उत्तराखण्ड के कई लाल आतंकवादी घटनाओं को रोकते हुए शहीद हो चुके हैं। लेकिन पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। नवजोत सिंह सिद्धू ने शपथ ग्रहण में शामिल होकर देश के नागरिकों के मान को ठेस पहुंचाई है।



भूपेंद्र राजपूत व आदेश पण्डित ने कहा कि नवजोत सिंह सिद्धू ने पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष के गले लगकर देश के वीर शहीदों का अपमान किया है। ऐसी हरकतों को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपनी इस हरकत के लिए उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। पंजाब वीरों की भूमि है।

## वाहनों के शीशे तोड़कर वाहनों में सामान चोरी कर रहे चोर


विकासनगर (आरएनएस)। क्षेत्र के अंतर्गत घुतिया खाटल बाजार में पिछले एक सप्ताह से चोरों का गिरोह सक्रिय है। चोर वाहनों के शीशे तोड़कर वाहनों में लगाये गये स्टीरियो, मोबाइल फोन सहित अन्य सामान चोरी कर रहे हैं। मंगलवार रात को चोरों ने तीन लोगों की कारों के शीशे तोड़कर स्टीरियो और मोबाइल चोरी किये हैं। वाहन चालकों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पिछले एक सप्ताह से लगातार घुतिया खाटल बाजार में चोर लोगों को वाहनों में तोड़फोड़कर वाहनों के अंदर रखे सामान चोरी कर रहे हैं। एक सप्ताह के भीतर चोरों ने आधा दर्जन से अधिक वाहनों के शीशे आदि तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। मंगलवार रात को चोरों ने कल्याण सिंह राणा, बबलू राणा और कपिलदेवी की कार के शीशे तोड़कर कार में रखे मोबाइल और स्टीरियो चोरी कर ले गये। तीनों ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार रात को बाजार में अपने वाहनों को खड़ा कर घर चले गये। लेकिन सुबह जब वाहनों को देखा तो वाहनों के शीशे तोड़कर सामान चोरी हुआ मिला। इस मामले में तीनों ने पुलिस चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस संबंध में एसओ पंकज देवरानी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## चार अधिकारियों पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दण्ड अधिरोपित

मुरैना (आरएनएस)। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा में संबंधित आवेदन कर्ता को सेवायें उपलब्ध न कराने के आरोप में कलेक्टर भरत यादव ने चार अधिकारियों पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। यह राशि बसूली के बाद संबंधित हितग्राही को प्रदान की जावेगी, जिसने आवेदन लगाया था उसे समय सीमा में लाभ नहीं मिला। अर्थदण्ड अधिरोपित करने वाने अधिकारियों में नायब तहसीलदार पोरसा जण्डेल सिंह पर एक हजार रूपये, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पोरसा हनुमंत सिंह भदौरिया पर एक हजार रूपये, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कैलारस बालकिशन गौरव पर 500 रूपये और सिविल सर्जन मुरैना अनिल सक्सैना पर 250 रूपये का अर्थ दण्ड लगाया गया है।


## मजदूरों के बच्चों का नहीं लगेगा परीक्षा शुल्क

सिंगरौली (आरएनएस)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा प्रदेश की समस्त शासकीय शालाओं में अध्ययनरत पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के बच्चों से परीक्षा व नामांकन शुल्क नहीं लिया जाएगा। समस्त मान्यता व सम्बद्धता प्राप्त शासकीय शालाओं में अध्ययनरत पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के छात्रों द्वारा मण्डल द्वारा लिया जाने वाला सम्पूर्ण परीक्षा शुल्क एवं नामांकन शुल्क न दिया जाए। सम्बन्धित शाला के प्राचार्य का यह दायित्व होगा कि ऐसे छात्रों की सूची मण्डल एवं स्कूल शिक्षा विभाग को आवेदन करने की निर्धारित तिथि के समय उपलब्ध कराएं। इस राशि की प्रतिपूर्ति स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल को की जा सकेगी साथ ही जिन छात्रों से पूर्व में फीस ले ली गई, वह भी सम्बन्धित शाला द्वारा वापस की जाएगी।




## एसपी के आश्वासन के बाद युवती के शव का परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

पिथौरागढ़ (आरएनएस)। दो दिन पूर्व नगतड़ बलुवाकोट में मिले एक विवाहिता के शव का परिजनों ने एसपी से मिले कार्रवाई के आश्वासन के बाद अंतिम संस्कार किया। इस मामले में मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव का अंतिम संस्कार नहीं करने देने का ऐलान किया था। नगतड़ बलुवाकोट में स्थानीय कोमल बुदियाल का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला था। जिसके बाद मायके वालों ने नेपाल निवासी कोमल के पति व अन्य ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए उनकी गिरफ्तारी होने तक अंतिम संस्कार न करने की बात कही थी। इस मामले में एसपी राजगुरु ने यहां पहुंचकर



धारचूला निवासी मृतका के मायके पक्ष के लोगों से बात की और कार्रवाई का भरोसा दिया। युवती का विवाह नेपाल निवासी युवक से हुआ था। मामला दूसरे देश से जुड़े होने के कारण पुलिस को कार्रवाई में दिक्कत आ रही है। मायके पक्ष ने युवती के पति के अंतिम संस्कार में नहीं पहुंचने पर भी रोष जताया। एसपी ने परिजनों को आश्वासत करते हुए कहा कि उन्हें न्याय दिया जाएगा। जिसके बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

## बच्चों का होगा स्कूल में दाखिला



पिथौरागढ़ (आरएनएस)। पिथौरागढ़ में सर्व शिक्षा अभियान के तहत 6 से 14 आयु वर्ग और 6 से 18 (दिव्यांग) आयु वर्ग के वे बच्चे जो शिक्षा से वंचित रह गये है उनका स्कूल में दाखिला किया जाएगा। शिक्षा विभाग की ओर से 24 अगस्त से 13 सितंबर तक ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा।

# फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर युवती को ब्लैकमेल करने वाला पकड़ा

रुड़की (आरएनएस)। महिलाओं के नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर युवती को ब्लैकमेल कर उसके साथ अश्लील हरकत करने के प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मोबाइल को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। गंगनहर पुलिस को दी तहरीर में सिविल लाइंस क्षेत्र




निवासी व्यक्ति ने बताया कि कुछ दिन पहले उसकी पुत्री के पास सिमरन और शिवानी नाम से फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट आई थी। लड़कियों के नाम से आईडी होने के कारण उसने रिक्वेस्ट को स्वीकार कर लिया। उसकी फेसबुक और इंस्ट्राग्राम पर बात होने लगी। मंगलवार शाम को उसके पास अभिनव नाम के एक व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले ने उससे मिलने को कहा। कुछ देर बाद ही सिमरन की आईडी से एक मैसेज आया। जिसमें अभिनव नाम के व्यक्ति से मिलने को कहा गया। ऐसा नहीं करने पर उसकी फेसबुक से फोटो निकालकर उसे फोटोशॉप से एडिट कर वायरल करने की धमकी दी गई।